# सुमन बनीं मिस व आदित्य मिस्टर 'पनाश'


एक्सआइएसएस मे आयोजित फैशन शो मे मिस व मिस्टर पनाश के साथ लोग • जागरण

जासं, रांची : जेवियर इंस्टीट्यूट आफ सोशल सर्विस का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'पनाश 2024' का समापन हो गया। पनाश के अंतिम दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें कलाकृति, नुक्कड़ नाटक, बेच सको तो बेचो और सुर संग्राम शामिल रहे। इसके अलावे इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक की प्रस्तुति ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। आरजे राशी ने बैटल आफ बैंड्स की प्रस्तुति दी। वहीं पनाश का समापन डीजे आकाश मक्कर के गानों से हुआ। रैंप वाक कार्यक्रम को फेमिना मिस इंडिया झारखंड 2022 रिया तिर्की, अतुल गेरा, रचना तिवारी और ख्याति मुंजाल द्वारा जज किया गया। जिसमें रूरल डिपार्टमेंट की सुमन आर. कच्छप मिस पनाश जबकि फाइनेंसियल डिपार्टमेंट के आदित्य आनंद को मिस्टर पनाश चुना गया। कार्यक्रम में दोनों विजेताओं को मिस पनाश व मिस्टर पनाश के खिताब से नवाजा गया। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में अल्पना केरकेट्टा और वंदना रानी इंडवार ने पहला स्थान प्राप्त किया। कुकिंग विदाउट फायर को संत जेवियर्स कालेज की टेस्ट टाइटंस टीम ने जीता। जबकि ओपन माइक प्रतियोगिता में एक्सआइएसएस से बिप्लव कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। फैशन शो में पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक फैशन के साथ मिश्रित किया गया था। विजयी टीम हाउस आफ स्टाइल के सदस्य चंदन बारा, हर्षा प्रिया पाल, साक्षी सिंह, मीत गुप्ता, मनीष कुमार गौतम, रोहन पांडेय, सौरभ चौहान, सुरभि, तहसीन खान व प्रार्थना दास रहे। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अंकित प्रणय तिर्की ने पहला स्थान प्राप्त किया। रील प्रतियोगिता में ऋतिक कुंडू जीते जबकि व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी में एक्सआइएसएस की यूनिटम टीम पहले स्थान पर रहे।

**PRESS : DAINIK JAGRAN**

**उल्लास.** रांची यूनिवर्सिटी और एक्सआइएसएस में यूथ फेस्टिवल का रहा धमाल

# टैलेंट का जलवा : किसी ने हंसाया, तो किसी ने रुलाया



लाइफ रिपोर्टर @ रांची

रांची विवि इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल रीझ-रंग 2024 के दूसरे दिन यानी शनिवार को भी विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों का जलवा रहा. आर्यभट्ट सभागार में नाटक, माइम, मिमिक्री, पोस्टर मेकिंग जैसे इवेंट हुए. डोरंडा कॉलेज के विद्यार्थियों की टीम ने न्याय शक्ति का बोध करानेवाली बेताल पच्चीसी की कथा की बेहद ही रोचक प्रस्तुति दी. नाटक का निर्देशन शालिनी ने किया. रवि, संकल्प, राहुल, रोशन, सृजन, प्रिया, किशन, आमिर, अदिति, आकाश, किरणमय ने विभिन्न किरदारों को जीवंत किया.

दूसरा नाटक सागर सरहदी लिखित मसीहा को परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया. देश के बंटवारे के समय के हालात का मार्मिक चित्रण किया गया. इसे देख सभागार में मौजूद दर्शकों की आंखें नम हो गयीं. नाटक में अनमोल, शुभम, अतीब, कीर्ति, अमर, बादल, आकांक्षा ने अभिनय किया. सुजीत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा. स्किट्स में बिरसा कॉलेज खूंटी, निर्मला कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी. डोरंडा कॉलेज की प्रस्तुति में यमराज बनी छात्रा ने यम हैं हम के अपने संवाद से खूब हंसाया. मिमिक्री में निर्मला कॉलेज की अर्चना कुमारी, विवि पीजी अंग्रेजी के जीतेंद्र, मारवाड़ी कॉलेज के अनूप, गोस्सनर कॉलेज के केशव ठाकुर के प्रदर्शन को लोगों ने सराहा. माइम इवेंट में डोरंडा कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, निर्मला कॉलेज, विवि पीजी के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी. पीजी रसायनशास्त्र विभाग में क्विज हुआ, जिसमें 17 विद्यार्थी शामिल हुए. साथ ही ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, क्ले मॉडलिंग और इंस्टालेशन प्रतियोगिता भी हुई. संचालन कुमार आदित्येंद्र नाथ शाहदेव ने किया.



नाटक, माइम, मिमिक्री, पेंटिंग्स, कोलाज, क्ले मॉडलिंग का आयोजन

**आज होगा समापन :** 11 फरवरी को सुबह 11 बजे समापन समारोह आर्यभट्ट सभागार में शुरू होगा. इसमें सभी इवेंट के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की जायेगी. कुलपति सम्मानित करेंगे.

**पनाश-24 फैशन शो में रिया तिर्की ने किया कैट वॉक**

# केसरिया तेरा इश्क है पिया...



लाइफ रिपोर्टर @ रांची

एक्सआइएसएस रांची में चल रहे युवा महोत्सव "पनाश-2024" का समापन शनिवार को हुआ. इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक ने श्रोताओं को अपने म्यूजिकल जर्नी से जमकर झुमाया. बॉलीवुड थीम पर शगुन ने केसरिया तेरा इश्क है पिया... समेत पाठक घराने के शास्त्रीय संगीत से परिचय कराया. बॉलीवुड गानों के बाद डीजे नाइट पर एक्सआइएसएस के विद्यार्थी झूमते नजर आये. इससे पूर्व वॉक द रैंप इवेंट पर फेमिना मिस इंडिया झारखंड रिया तिर्की ने रैंप वॉक किया. इस दौरान मिस्टर एंड मिस पनाश प्रतियोगिता हुई. तीन राउंड में विद्यार्थियों ने फैशन लाइफस्टाइल की झलक पेश की. रैंप पर एथनिक, वेस्टर्न और डिजाइनर ड्रेस के साथ विद्यार्थियों ने सोलो और कपल रैंप वॉक किया. सुमन अर कच्छप को मिस पनाश और आदित्य को मिस्टर पनाश का टाइटल सौंपा गया. निर्णायक मंडली में शामिल फेमिना मिस इंडिया झारखंड रिया तिर्की, अतुल गेरा, रचना तिवारी और ख्याति मुंजाल ने विजेता प्रतिभागियों को शैशे व टाइटल बैच पहनाकर सम्मानित किया.





सुमन मिस पनाश और आदित्य को मिस्टर पनाश का खिताब

## इन्हें मिला पुरस्कार

फेस पेंटिंग में अल्पना केरकेट्टा और चंदना रानी इक्वार, कुकिंग विदआउट फायर में संत जेवियर्स कॉलेज का टेस्ट टाइअन्स, ओपन माइक में विप्लव कुमार, जिज्ञासा 3.0 - द बिजनेस क्विज में टीम यूनिटम, ऑन योर टोज में सोलो में शशांक और ग्रुप में एमिटी गर्ल्स, ऑफिशियल में अंकित प्रसाद, लाइम लाइट मैराथन में ऋतिक कुंडु, फैशन शो में एक्सआइएसएस - हाउस ऑफ स्टाइल, बैटल ऑफ बैंड्स में रांची यूनिवर्सिटी की फोर लीफ क्लोवर, कलाकृति में टीम एडी बाइसी और केच सपनों तो बेचो प्रतियोगिता में टीम विपक्षी वेंडर विजेता बनी. निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे ने सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया.

## दिनभर लगा रहा मनोरंजन का अड्डा

पनाश के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का सिलसिला सुबह 11 बजे शुरू हुआ. कलाकृति में विद्यार्थियों ने कैनवास पर पनाश के थीम डेक ऑफ कार्ड्स की झलक साझा की. नुक्कड़ नाटक से विभिन्न सामाजिक मुद्दे को साझा किया. जैम स्ट्रीट में इंडियन व वेस्टर्न गीतों की प्रस्तुति दी.

**PRESS : PRABHAT KHABAR**

### एक्सआईएसएस में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# कला और कौशल के प्रदर्शन से जीवंत हो उठा 'पनाश' का मंच

**वार्षिक उत्सव**

- लाइव संगीत, रैंप, फेस पेंटिंग से व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी तक में कौशल का प्रदर्शन किया
- एक्सआईएसएस, बीआईटी संत जेवियर्स कॉलेज, सीयूजे आरयू व अन्य से थे प्रतिभागी
- इंडियन आइडल फेम शगुन व डीजे आकाश ने अपनी प्रस्तुति से विद्यार्थियों को झुमाया



जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'पनाश-2024' में शनिवार को कला प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन करतीं छात्राएं।



विजेता प्रतिभागियों के साथ फेमिना मिस इंडिया झारखंड-2022 रिया तिर्की।

रांची, प्रमुख संवाददाता। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव पनाश-2024, शनिवार को संपन्न हुआ। इसमें लाइव संगीत से रैंप पर चलने तक, फेस पेंटिंग से लेकर व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी तक में प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं, समापन समारोह में इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक व डीजे आकाश मक्कर ने अपने गीतों पर सबको झुमाया।

कुकिंग विदआउट फायर प्रतियोगिता की विजेता संत जेवियर्स कॉलेज की टेस्ट टाइटन्स टीम रही। जबकि, दूसरे स्थान भी संत जेवियर्स कॉलेज की स्टेलर चीफ टीम रही और तीसरे स्थान पर एक्सआईएसएस की हेल्दी मील्स टीम रही। ओपन माइक प्रतियोगिता में एक्सआईएसएस के बिप्लव कुमार विजेता बने। इसमें दूसरे स्थान एक्सआईएसएस से मेहा वर्मा और तीसरे स्थान पर केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड की से शांभवी रहीं।

**पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक फैशन में दिखाया:** फैशन शो में पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक फैशन के साथ खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। वहीं, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में एक्सआईएसएस के अंकित प्रणय तिर्की पहले स्थान पर रहे। एक्सआईएसएस से ही अकाश कुमार दूसरे और प्रेरणा जायसवाल तीसरे स्थान पर रहीं। रील प्रतियोगिता में हितिक कुंडू पहले, शनोज सूरज दूसरे और अनमोल लकड़ा तीसरे स्थान पर रहे। ये सभी एक्सआईएसएस के थे।

**जिज्ञासा 3.0 की विजेता बनी यूनिटम टीम :** जिज्ञासा 3.0, एक व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता थी। इसमें एक्सआईएसएस की यूनिटम टीम विजेता बनी। वहीं, बीआईटी मेसरा की दो टीमें बिटबिज दूसरे व एडवांस तीसरे स्थान पर रहीं। नृत्य में सोलो चैंपियन के रूप में संत जेवियर्स कॉलेज से शशांक और सबीना लकड़ा रहे। समूह नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान एमिटी विवि को मिला, जबकि संत जेवियर्स कॉलेज से ग्रूवर्स टीम दूसरे स्थान पर रही।

**फेमिना मिस इंडिया झारखंड रिया तिर्की रहीं मौजूद:** आरजे राशी ने बैटल ऑफ बैंड्स का संचालन किया। इस प्रतियोगिता की विजेता रांची विश्वविद्यालय की टीम फोर लीफ क्लोवर और बीआईटी मेसरा की टीम ध्वनि रही। इसके अलावा कलाकृति, नुक्कड़ नाटक, बेच सको तो बेचो और सुर संग्राम भी आयोजित किया गया। रैंप वॉक की निर्णायक मंडली में फेमिना मिस इंडिया झारखंड-2022 रिया तिर्की, अतुल गेरा, रचना तिवारी और ख्याति मुंजाल शामिल थे।

**PRESS : HINDUSTAN**

# इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक ने अपने गीतों से किया मंत्रमुग्ध

## एक्सआईएसएस में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'पनाश' का समापन




रांची। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव पनाश-2024 का समापन शनिवार को हुआ। इसमें लाइव संगीत, रैंप पर चलने, फेस पेंटिंग से लेकर व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी तक में प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं, समापन समारोह में इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक व डीजे आकाश मक्कर ने अपने गीतों पर सबको झुमाया।

कुकिंग विदआउट फायर प्रतियोगिता की विजेता संत जेवियर्स कॉलेज की टेस्ट टाइटन्स टीम रही। जबकि, दूसरे स्थान भी संत जेवियर्स कॉलेज की स्टेलर चीफ टीम रही और तीसरे स्थान पर एक्सआईएसएस की हेल्दी मील्स टीम रही। ओपन माइक प्रतियोगिता में एक्सआईएसएस के बिप्लव कुमार विजेता बने। इसमें दूसरे स्थान एक्सआईएसएस से मेहा वर्मा और तीसरे स्थान पर केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड की से शांभवी रहीं। फैशन शो में पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक फैशन के साथ खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। वहीं, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में एक्सआईएसएस के अंकित प्रणय तिर्की पहले स्थान पर रहे। एक्सआईएसएस से ही अकाश कुमार दूसरे और प्रेरणा जायसवाल तीसरे स्थान पर रहीं। रील प्रतियोगिता में हितिक कुंडू पहले, शनोज सूरज दूसरे और अनमोल लकड़ा तीसरे स्थान पर रहे। जिज्ञासा 3.0. एक व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता थी। इसमें एक्सआईएसएस की यूनिटम टीम विजेता बनी। वहीं, बीआईटी मेसरा की दो टीमें बिटबिज दूसरे व एडवांस तीसरे स्थान पर रहीं। नृत्य प्रतियोगिता में सोलो चैंपियन के रूप में संत जेवियर्स कॉलेज से यशांक और सबीना लकड़ा रहे। समूह नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान एमिटी विश्वविद्यालय को मिला, जबकि संत जेवियर्स कॉलेज से यूवर्स टीम दूसरे स्थान पर रही। आरजे राशी ने बैटल ऑफ बैंड्स का संचालन किया। इस प्रतियोगिता की विजेता रांची विश्वविद्यालय की टीम फोर लीफ क्लोवर और बीआईटी मेसरा की टीम ध्वनि रही। इसके अलावा कलाकृति, नुक्कड़ नाटक, बेच सको तो बेचो और सुर संग्राम भी आयोजित किया गया। रैंप वॉक की निर्णायक मंडली में फेमिना मिस इंडिया झारखंड-2022 रिया तिर्की, अतुल गेरा, रचना तिवारी और ख्याति मुंजाल शामिल थे।

**PRESS : AAJ**

# Annual fest of XISS ended on a glorious note

PNS : RANCHI

Xavier Institute of Social Service (XISS) concluded its two-day Annual Fest Panache 2024 on February 10, Saturday in its campus. From live musical performances during Sursangram to the Walk the Ramp, the institute successfully hosted the annual fest on the theme, 'Deck of Card', depicting the seasons of a year.

Over the course of the two-day festival, a diverse range of events took place. In the Face Painting competition, Alpana Kerketta and Vandana Rani Indwar secured the first position, followed by Tanvi Jha and Nilesh Nilay from Amity University in second place, and Nandini Prakash and Prayag Sandil in third. The Cooking Without Fire contest was won by the Taste Titans team from St. Xavier's College, with the second position claimed by the Stellar Chief team, also from St. Xavier's College, and the third position taken by the Healthy Meals team from XISS. In the Open Mic competition, Biplow Kumar from XISS clinched the first position, while Meha Verma, also from XISS, secured the second position, and Sambhavi from the Central University of Jharkhand attained the third position.

The fashion show, an event blending traditional culture with contemporary fashion, crowned its winner from XISS. The triumphant team, House of Style, comprised members Chandan Kumar Bara, Harsha Priya Paul, Sakshi Singh, Meet Gupta, Manish Kumar Gautam, Rohan Pandey, Saurabh Chauhan, Surbhi, Tahseen Khan, and Prarthana Das. In the photography competition, Ankit Pranay Tirkey from XISS secured the first position, followed by Akash Kumar, also from XISS, in second place, and Prerna Jaiswal, another XISS participant, in third. In the reel competition, Hrithik Kundu emerged victorious in first place, with Shanoj Suraj Eklka securing second place and Anmol Lakra clinching third, all representing XISS. The Xigyasa 3.0 business quiz concluded with notable achievements: Unitum team from XISS secured the first position, followed by Bitbiz in second place, and team Advance from BIT claiming third. Additionally, a fiercely contested dance competition showcased individual talents.

**PRESS : PIONEER**

# PANACHE 2024: डांस, फैशन शो, मिस्टर एंड मिस, रंगोली और बैंड के साथ वार्षिक उत्सव का शानदार समापन हुआ

**Ranchi :** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) ने अपना दो दिवसीय वार्षिक उत्सव पनाश 2024 को 10 फरवरी, शनिवार को संस्थान परिसर में समाप्त किया। सरसंग्राम कार्यक्रम के दौरान लाइव संगीत प्रदर्शनों से लेकर रैंप पर चलने तक, संस्थान ने सफलतापूर्वक वार्षिक उत्सव का आयोजन किया।



दो-दिनी इस उत्सव के दौरान, विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में, अल्पना केर्केटा और वंदना रानी इंडवार ने पहले स्थान संको प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर अमिती यूनिवर्सिटी से तन्वी झा और निलेश निलय ने प्राप्त किया, और तीसरे स्थान पर नंदिनी प्रकाश और प्रयाग संदील ने प्राप्त किया। कुकिंग विथौत फायर की प्रतियोगिता को सेंट जेवियर्स कॉलेज की टेस्ट टाइटन्स टीम ने जीता, जबकि दूसरे स्थान को सेंट जेवियर्स कॉलेज से स्टेलर चीफ टीम ने अपने नाम किया, और तीसरे स्थान को एक्सआईएसएस से हेल्थी मील्स टीम ने प्राप्त किया। ओपन माइक प्रतियोगिता में, एक्सआईएसएस से बिप्लवकुमार ने पहले स्थान को प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान को भी एक्सआईएसएस से मेहा वर्मा ने प्राप्त किया, और तीसरे स्थान को झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय से संभावी ने प्राप्त किया।



फैशन शो, कार्यक्रम जो पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक फैशन के साथ मिश्रित करने के रूप में था, अपने विजेता को एक्सआईएसएस से चुनकर समाप्त हुआ। विजयी टीम, हाउस ऑफ़ स्टाइल, चंदन कुमार बारा, हर्षा प्रिया पॉल, साक्षी सिंह, मीत गुप्ता, मनीष कुमार गौतम, रोहन पांडे, सौरभ चौहान, सुरभि, तहसीन खान, और प्रार्थना दास से मिलकर बनी थी। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में, एक्सआईएसएस से अंकित प्रणय तिर्की पहले स्थान पर सुरक्षित किया, उसके बाद अकाश कुमार, और तीसरे स्थान पर प्रेरणा जायसवाल, एक्सआईएसएस के बने। वहीँ रील प्रतियोगिता में, ह्रितिक कुंडू पहले स्थान पर विजयी बने, जबकि शनोज सुरज दूसरे स्थान पर रहे और अनमोल लकड़ा तीसरे स्थान को हासिल किया सभी एक्सआईएसएस के थे।

Xigyasa 3.0, एक व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता थी जो उत्कृष्ट उपलब्धियों के साथ समाप्त हुआ: एक्सआईएसएस की यूनिटम टीम ने पहले स्थान को सुरक्षित किया, बिटबिज़ ने दूसरे स्थान पर फॉलो किया, और बीआईटी से एडवांस टीम ने तीसरे स्थान को प्राप्त किया। इसके आगे नृत्य प्रतियोगिता में, सोलो चैंपियन के रूप में संत जेवियर्स कॉलेज से शशांक, दूसरे स्थान पर सबीना लकड़ा ने प्राप्त किया। समूह नृत्य श्रेणी में, प्रथम सम्मान एमिटी विश्वविद्यालय को मिला, जबकि संत जेवियर्स कॉलेज से ग्रूवर्स टीम ने दूसरे स्थान को सुरक्षित किया।



आरजे राशी ने बैटल ऑफ़ थे बैंड्स का कुशलतापूर्वक आयोजन किया, इस दौरान दर्शकों को उन्होंने पूरी तरह से आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता के विजेता रांची विश्वविद्यालय से फोर लीफ क्लोवर और बीआईटी से टीम ध्वनि थे। पनाश के अंतिम दिन कई आयोजन हुए, जैसे कलाकृति, नुक्कड़ नाटक, बेच सको तो बेचो, और सुर संग्राम शामिल थे। रैंप वाक कार्यक्रम को फेमिना मिस इंडिया झारखंड 2022, मिस रिया तिर्की, श्री अतुल गेरा, मिस रचना तिवारी, और मिस ख्याति मुंजाल द्वारा जज किया गया. इसके अतिरिक्त, इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक द्वारा एक अद्भुत प्रदर्शन भी था। इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक के अद्भुत कार्यक्रम ने सभी के पैरों को थिरकाने पर मजबूर कर दिया। पनाश का समापन डीजे आकाश मक्कर के गानों द्वारा सभी के दिलों पर राज करने के साथ हुआ।

**PRESS : PUNCH NEWS**